दिनांक–15.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश की सभी 29 सीटों पर चार चरणों में 66 दशमलव 8–7 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट, पिछले लोकसभा चुनाव से करीब चार प्रतिशत कम रहा मतदान।
- स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट आज से।
- डिंडोरी में कुपोषण की जंग में वरदान साबित हो रही है दादी की पोटली।
- आईपीएल में आज राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। डेल्ही कैपिटल्स ने कल लखनऊ सुपर जायंट्स को दी मात।

प्रदेश मतदान प्रतिशत

लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर चार चरणों में 66 दशमलव 8–7 प्रतिशत मतदान हुआ। यह 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में करीब चार प्रतिशत कम रहा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा कल मतदान के आंकड़े जारी किए। जारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में कुल 69 दशमलव 3–9 पुरुष और 64 दशमलव 2–4 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। सर्वाधिक 79 दशमलव 8–3 प्रतिशत मतदान छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में रहा। वहीं, सबसे कम मतदान रीवा में 49 दशमलव 4–3 प्रतिशत मतदान रहा। प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के हिसाब से देखा जाए तो सर्वाधिक 84 दशमलव 3–7 प्रतिशत मतदान रतलाम लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र सैलाना में हुआ। वहीं, सबसे कम मतदान रीवा लोकसभा क्षेत्र में आने वाली देवतालाब सीट पर 45 दशमलव 6–1 प्रतिशत रहा।

सीयूईटी–स्नातक – दिल्ली

स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज 15 मई को देश के सभी शहरों और विदेशों में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट आयोजित होगा। हालाँकि दिल्ली केंद्रों पर होने वाला कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट–ब्न्म्ज अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–छज। ने कहा है कि दिल्ली में अब 29 मई को यह प्रवेश परीक्षा होगी। दिल्ली केंद्रों के उम्मीदवारों के लिए संशोधित प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे। प्रसार भारती अध्यक्ष

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आकाशवाणी को अधिक प्रभावी, लचीला संगठन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने आकाशवाणी को डिजिटल माध्यम से श्रोताओं तक और अधिक पहुंच बनाने को भी कहा। श्री सहगल ने कल नई दिल्ली में आकाशवाणी मुख्यालय का दौरा किया और अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने उन प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की जिनमें गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने के लिए सुधार की आवश्यकता है। श्री सहगल ने सामान्य समाचार कक्ष–जीएनआर और हिन्दी समाचार कक्ष सहित आकाशवाणी की अन्य इकाईयों का भी दौरा किया।

गृह मंत्रालय सलाह

गृह मंत्रालय ने लोगों को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो, नारकोटिक्स विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारी बनकर धोखाधड़ी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी है। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर सरकारी अधिकारियों के छद्म रूप में साइबर अपराधियों द्वारा धमकी, ब्लैकमेल, जबरन वसूली और डिजिटल अरेस्टऔ की शिकायतें बड़ी संख्या में सामने आ रही हैं। धोखाधडी के लिए ये लोग आम तौर पर पुलिस स्टेशनों और सरकारी कार्यालयों की तर्ज पर बने स्टूडियो का उपयोग करते हैं और पुलिस की वर्दी में रहते हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यह एक संगठित ऑनलाइन आर्थिक अपराध है और पता चला है कि इसे सीमा पार अपराध सिंडिकेट द्वारा संचालित किया जाता है। मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वे ऐसी घटना की सूचना तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर दें। सरकार ने नागरिकों से उन फर्जी कॉलों से भी बचने को कहा है जिनमें कॉल करने वाले उनके मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देते हैं।

दादी की पोटली

डिंडोरी जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में रेवा स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से बांटी जा रही दादी की पोटली कुपोषण की जंग में वरदान साबित हो रही है। कुपोषित बच्चों को दादी की पोटली उनके घरों तक पहुंचाने का जिम्मा जिला प्रशासन के अधिकारियों ने निभाया। उन्होंने गोद लिए बच्चों को दादी की पोटली निजी तौर पर जाकर सौंपी और निरंतर बच्चों की निगरानी भी की। इसके परिणाम स्वरुप 190 बच्चे अब सामान्य श्रेणी में आ गए। वहीं शेष 31 गंभीर कुपोषित बच्चों में सुधार जारी है। 261 कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने गोद लिया है। दादी की पोटली में दवाईयां, पोषण अनाज और स्वच्छता किट प्रदान की जाती है। किट में रूमाल, टूथब्रश, नेलकटर, वैसलीन जैसी स्वच्छता बढाने वाली सामग्री भी है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय–रिजल्ट

प्रदेश में संचालित 62 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में सी.बी.एस.ई. की 10वीं की परीक्षा के परिणामों में जनजातीय बालिकाओं ने 77 प्रतिशत के साथ बाजी मारी है। वहीं, 12वीं कक्षा में बालक और बालिकाओं के परीक्षा परिणाम बराबर रहे। 10वीं कक्षा में डिंडौरी और 12वीं कक्षा में छिंदवाड़ा जिला अग्रणी रहा है। शहपुरा, सिंझारा और घंसौर के स्कूलों ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किए हैं। जबकि 12 वीं में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यालयों में सिंझौरा, जुन्नारदेव, केसला और सिंगारदीप शामिल है। जनजातीय कार्य विभाग की अपर संचालक सीमा सोनी ने बताया कि जनजातीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा दी जा रही है। वहीं, क्षेत्रीय शिक्षण संस्थान, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन और मैजिक बस फाउंडेशन के साथ मिलकर प्राचार्यों और शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है।

भोपाल गैस त्रासदी–सुनवाई

भोपाल गैस त्रासदी मामले में मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा कल जबलपुर उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान त्रैमासिक रिपोर्ट पेश की गई। कमेटी ने रिपोर्ट में बताया है कि अस्पताल में नियुक्ति सहित अन्य सिफारिशों का पालन नहीं किया गया है। याचिका पर अगली सुनवाई तीन जुलाई को निर्धारित की है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने साल 2012 में भोपाल गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन सहित अन्य की ओर से दायर की गई याचिका की सुनवाई करते हुए भोपाल गैस पीड़ितों के उपचार और पुनर्वास के संबंध में 20 निर्देश जारी किये थे। इन बिंदुओं का अमल सुनिश्चित करने के लिए मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गयी थी। मॉनिटरिंग कमेटी प्रत्येक तीन माह में अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष पेश करती है।

आईपीएल क्रिकेट

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल में आज गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स का सामना पंजाब किंग्स से होगा। पंजाब किंग्स प्ले ऑफ से बाहर हो चुका है जबकि अभी 16 अंकों के साथ राजस्थान का लक्ष्य मैच जीत कर शीर्ष चार में स्थान सुरक्षित रखना होगा। वहीँ, डेल्ही कैपिटल्स ने कल लखनऊ सुपर जायंट्स को 19 रन से हरा दिया। डेल्ही कैपिटल्स इस सत्र में सात जीत और सात हार से 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर नगर निगम में करीब सौ करोड़ रुपये के फर्जी बिल घोटाले में राज्य सरकार ने चार अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। वित्त विभाग के अवर सचिव विजय कठाने ने कल इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। ये चारों अधिकारी निगम में लंबे समय लोकल ऑडिट फंड विभाग में पदस्थ थे.
- सागर में केन्द्रीय भू–जल आयोग और केंद्रीय जल आयोग की दो सदस्यीय टीम ने नगर निगम एवं सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में किये गए विकास कार्यों और उनसे नागरिकों के जीवन पर पड़े प्रभावों का निरीक्षण किया।
- सतना में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ मतगणना स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मतगणना की तैयारियों का निरीक्षण किया।
- उज्जैन में लोकसभा चुनाव में 9 हजार से अधिक अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। मतदान दलों के अधिकारी–कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान चुनाव संपन्न कराकर वापस आने से पहले ही कर दिया गया है ।
- इंदौर जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था–ITI, मानपुर में विभिन्न व्यवसायिक प्रशिक्षणों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।
- सीहोर के सलकनपुर बिजासन देवी मंदिर में देवी लोक के निर्माण कार्य के चलते मंदिर के प्रवेश द्वार क्रमांक 01 से मंदिर तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- अनूपपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में कल 76 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया।

- श्योपुर में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा पक्षियों को पानी की व्यवस्था करने के लिए एक दिन एक सकोरा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कल बी ई ओ कार्यालय के बाहर वृक्ष पर पानी के सकोरे टांगे गये।
- भोपाल के अंतर राज्ययीय बस अड्डा परिसर में भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अतिक्रमण की संयुक्त टीम ने कल आईएसबीटी परिसर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।
- दमोह जिले के मध्यांचल ग्रामीण बैंक में पांच लुटेरों ने मैनेजर और कर्मचारी से मारपीट कर 41 लाख रुपए लूट लिए.पुलिस जांच में जुटी है।

———————————